# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## फरवरी 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् शुक्रवार को वार्ड 60 रिसाली बस्ती में चौपाल लगाई

**भिलाईनगर/** भिलाई के गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत आज निगम महापौर देवेन्द्र यादव द्वारा वार्ड 60 रिसाली बस्ती पहुंचकर चौपाल लगाई तथा लक्ष्मीनगर, मीलपारा, रिसाली भाठा, आशीष नगर, मैत्री नगर, आदि मोहल्ले में वार्ड भ्रमण करते हुए वार्ड के समस्याओं से अवगत् हुए एवं वार्ड के गणमान्य निवासियों से भेंटकर नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान वार्ड के नगरिकों द्वारा महापौर को वार्ड की मूलभुत समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये गये जिसपर मौके पर उपस्थित निगम के अधिकारियों को उक्त आवेदनों पर आवेदन की मांग अनुसार निराकरण करने के निर्देश दिये। पूर्ण करने, संगीता टेक्सटाईल्स मैत्रीनगर के पास नाली निर्माण कार्य करवाने की मांग रखी गई। निगम महापौर श्री यादव ने गंभीरता पूर्वक नागरिकों द्वारा रखे गये मांगों पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये साथ ही वार्ड के नागरिकों को आश्वस्त किये कि मेरे द्वारा वार्ड का निरंतर भ्रमण किया जावेगा आज जो मांगे रखी गई है उसका निराकरण किया जावेगा। अतिक्रमण, सडक बाधा, नाली सफाई, विद्युत व्यवस्था के स्थानों को मौके पर अधिकारी जाकर चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया। भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद चुम्मन देशमुख, बब्बन, डोमार, मोनेश बंछोर, दानेश्वर यादव, मोतीन देशमुख, कुमरिया देशमुख, कामिनी साहू, बान देशमुख, ललिता सिंह, बोनी, सागर, सहित वार्ड के नागरिक एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## लोक सुराज 2018 के दौरान प्राप्त आवेदन का निराकरण के सम्बन्ध में बैठक

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना, लोक सुराज अभियान के दौरान प्राप्त आवेदन, सौभाग्य योजना, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, उद्यान, वार्डों में चल रहे विकास कार्य, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता, राजस्व वसूली, सहित अन्य योजनाओं के संबंध में समस्त जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, लोककर्म पर्यवेक्षक सहित विभाग प्रमुखों की बैठक आहूत कर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौहान ने प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत जिन मकानों में विद्युत कनेक्शन नहीं है उन मकानों का सर्वे कर सत्यापित सूची तैयार करने हेतु निगम, छ0ग0 राज्य विद्युत मण्डल, एव बीएसपी के अधिकारी, कर्मचारियों का संयुक्त दल गठन किया गया है उक्त अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा वार्डवार, क्षेत्रवार सर्वे कार्य कर सूची तैयार किया जावेगा। निगम क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे स्थलो का सर्वे का कार्य किया जाना है- खुर्सीपार भिलाई-केम्प-01, सेक्टर-04, 05, 06, 10, माया नगरी, माया पुरी रिसाली भिलाई, सेक्टर-07 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास, नेवई भाठा महिला सोसायटी के पास नेवई बस्ती वार्ड 42 यादव पारा, स्टेशन मरोदा शीतला पारा ठाकुर ट्रान्सफार्मर के पास, एचएससीएल कालोनी फौजी किराना रंगारी ट्रान्सफार्मर भैंस खटाल एवं इंदिरा चौक टंकी मरोदा। प्रारुप की प्रति संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को उपलब्ध कराई गई है प्रारुप में दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार जानकारी तैयार कर तीन दिवस के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिये है।



# एकीकृत आजीविका मिशन के अंतर्गत शिविर का आयोजन

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एकीकृत आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से शिक्षित युवा बेरोजगारों को लाभाविन्त करने के उद्देश्य से हितग्राहियों का जोन कार्यालयों में शिविर लगाकर चिन्हाकंन किया जाएगा। शिविर में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठिका तथा स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति (सीआरपी), आरसेटी देना अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षण संस्थाए उपस्थित रहकर इच्छुक हितग्राहियों का पंजीयन करेगें, ताकि हितग्राही के रूचि के अनुसार उन्हे प्रशिक्षण दिया जा सके।

बैंक के प्रतिनिधि, भी उक्त शिविर में उपस्थित रहेगें ताकि हितग्राहियां को स्वरोजगार हेतु ऋण संबंधी शासकीय योजना की जानकारी दे सके एवं आधार कार्ड लिकिंग का कार्य भी शिविर में किया जायेगा। शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियों को दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की विस्तृत जानकारी साथ ही विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के विषयों की जानकारी दी जायेगी। इस संबंध में निगम के सभी 06 जोनों में शिविर का आयोजन किया जावेगा।

जोन 01 शिविर स्थल जोन कार्यालय नेहरु नगर पानी टंकी में वार्ड 1 से 9, 67, 69, एवं 70 तक 19 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 02 शिविर स्थल जोन कार्यालय वैशाली नगर पानी टंकी में वार्ड 10,11 एवं 13 से 19 तक एवं 26, 27 तक 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 03 शिविर स्थल जोन कार्यालय मदर टेरेसा नगर पानी टंकी में वार्ड 20 से 25 एवं 46 से 50 तक 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे से, जोन 04 शिविर स्थल जोन कार्यालय शिवाजी नगर पानी टंकी में वार्ड 28 से 39 तक 01 मार्च को प्रातः 10 बजे से, जोन 05 शिविर स्थल जोन 05 जोन कार्यालय सेक्टर 06 पानी टंकी में वार्ड 51 से 57 एवं 64 से 68 तक 06 मार्च को प्रातः 10 बजे से, जोन 06 शिविर स्थल जोन कार्यालय रिसाली पानी टंकी में वार्ड 40 से 45 एवं 58 से 63 तक 09 मार्च को प्रातः 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त संबंध में मिशन प्रबंधक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा जानकारी दी गई।

# सभी वर्ग के जरुरतमंद महिलाओं को मिलेगा पेंशन योजना का लाभ

**भिलाईनगर/** आज हुडको में 4.50 करोड़ योजना का रोड डामरीकरण के भूमिपूजन एवं रोड निर्माण की शुरुआत करने के दौरान छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने घोषणा की कि छ.ग. के मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के द्वारा केबिनेट में यह निर्णय लिया गया कि छ.ग. के सभी वर्ग की महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए अब बी.पी.एल. कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी। छ.ग. शासन ने सभी वर्ग की महिलाओं की आवश्यकताओं को देखते हुए 1 अप्रैल से यह योजना लागु कर रही है जिसमें विधवा, परित्यक्ता, वृद्ध, महिलाएं शामिल होंगी। पहले किसी भी प्रकार की शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए गरीबी रेखा कार्ड की आवश्यकता पड़ती थी बहुत सारी जरुरतमंद महिलाएं जीविकोपार्जन के लिए परेशान होती थी। वार्ड 69 में प्रस्तावित डामरीकरण का कार्य छ.ग. शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग क्र. 12, 19, 09, 14, 11 एवं वार्ड 70 में मार्ग क्र. 19, 15, में कार्य किया जायेगा जिसे निर्धारित तय सीमा में पुरा किया जायेगा। नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार जोन के बहुत सारे जनकल्याणकारी योजनाओं का भूमिपूजन मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, विधायक प्रतिनिधि संजय दानी, लल्लन मिश्रा, एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक, नगर निगम भिलाई एवं पीडब्ल्युडी के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।



# निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अपने सफाई अमला के साथ आज विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर आम नागरिकों से भेंट

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया गया था कि निगम क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था के प्रति सजग रहें एवं अपने-अपने वार्डों में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे तीनो पालियों में सफाई व्यवस्था का समय-समय पर मेरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जावेगा। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारु रुप से संचालित हो ऐसे स्थानों को चिन्हित कर लेवें एवं टैंकरों के माध्यम से दी जाने वाली पेयजल व्यवस्था हेतु अभी से ही कार्य योजना तैयार कर लेवें। सफाई कार्य के अंतर्गत आकाश गंगा सुपेला पत्रकार लाईन आकाश गंगा सब्जी मण्डी शीतला तालाब, शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड,शीतला काम्पलेक्स, स्टेशन मरोदा रोड, नेवई, रुआंबाधा संतोषीपारा, सहित अन्य स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा तीनों पालियों में सफाई कार्य किया जा रहा है एवं एकत्रित कचरे को ट्रक के माध्यम से निर्धारित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है।



## शिक्षित बेरोजगारों को चिन्हित करने हेतु एकीकृत आजीविका मिशन योजना के तहत् 19 फरवरी से जोनवार आयोजित

**भिलाईनगर/** शिक्षित बेरोजगारों को चिन्हित करने हेतु एकीकृत आजीविका मिशन योजना के तहत् 19 फरवरी से जोनवार आयोजित शिविर का जोन 01 नेहरु नगर जोन कार्यालय में आयुक्त के0एल0चौहान ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि शहर के शिक्षित एवं कौशल प्राप्त युवाओं को अपना स्वरोजगार चुनने का एक अच्छा अवसर निगम के सभी जोन कार्यालय में लगने वाले शिविर में मिलेगा। शिक्षित युवक अधिक से अधिक इस शिविर में उपस्थित होकर अपने रुचि के अनुसार रोजगार का चयन कर सकतें है। आयुक्त जोन 01 से लक्ष्मी मार्केट के मछली मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे मछली मार्केट को आधुनिक रुप देने तथा प्रसाधन केन्द्र निर्माण हेतु प्रस्तमाव तैयार करने के निर्देश अभियंता को दिये श्री चौहान भारत माता चौक, नेहरु नगर, पावर हाउस चौक, डबरापारा तिराहा में अवलोकन कर माडल सुलभ शौचालय बनाने हेतु भ्रमण में साथ चल रहे आर्किटेक्ट एन.के. साहू को स्थल का चिन्हांकन करवाया। भ्रमण में आयुक्त के0एल0 चौहान के साथ संजय बागड़े, अन्य अभियंता सहित रामायण सिंह उपस्थित थे।



## 250 लोगो ने कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराया

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज एकीकृत आजीविका शिविर जो मदर टेरेसा कार्यालय में आयोजित था उक्त शिविर का निरीक्षण निगम आयुक्त के द्वारा किया गया। शिविर स्थल के कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की एवं पंजी एवं अन्य दस्तावेज का अवलोकन किया गया। आज 26 फरवरी 2018 को नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर सुपेला में एकीकृत आजीविका शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 250 लोगो के कौशल उन्नयन हेतु प्रस्ताव पंजीयन किए गए। नगर निगम भिलाई के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठक, स्थानिय स्त्रोत व्यक्ति, कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं जैसे-एडवान्स हाईटेक मानव कौशल केन्द्र, बी.डी.एस कालेज, अंश एज्युकेशन, रस्तोगी कालेज आफ नर्सिंग, श्री शंकराचार्य कालेज आफ नर्सिंग, लक्ष्य, अर्चना कौशल, देना ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, एम.जे. कालेज, बालाजी इस्ंटीट्यूट, हिमान्शु इन्फोटेक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, एब्लेज, आई आई सी ई कलिगां, पार्थिव फिनिशिंग संस्था, फास्ट ट्रैक, लाइवलीहुड कालेज आई. सी. आई. सी. आई एवं दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र शामिल हुए, साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए भी 19 इच्छुक व्यक्तियों ने शिविर में सम्पर्क किया।



# निगम में कार्यरत 13 कर्मचारियों को पदोन्नति का आदेश जारी

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम में कार्यरत 13 कर्मचारियों को पदोन्नति का आदेश जारी किया गया। पदोन्नत हुए कर्मचारियों के द्वारा निगम आयुक्त को उनके कक्ष में पहुच कर बधाई दी। इस अवसर में निगम आयुक्त ने कहा कि आप लोग अपनी नवीन पद की गरिमा को बनाये रखते हुए अपने कार्य का संपादन करें। तथा उच्च अधिकारी द्वारा सौपें गये कार्यो को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निगम विकास के हित में कार्य करें। पदोन्नत किये गये कर्मचारियों में (1) श्रीमती शांति चन्द्राकर, कार्यालय अधीक्षक से निगम सचिव के पद पर पदोन्नत। (2) श्री देवव्रत देवांगन, सहायक अधीक्षक से कार्यालय अधीक्षक (3) श्री पवन कुमार मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (4) श्री जावेद अली, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (5) श्री धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (6) श्री फणीचन्द्र बोस, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (7) श्री जगरनाथ सिंह कुशवाहा, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (8) श्री यशवंत चतुर्वेदी, स्वच्छता पर्यवेक्षक से स्वच्छता निरीक्षक (9) श्री लक्ष्मण उपाध्याय, सहायक ग्रेड-02 से सहायक अधीक्षक/सहायक ग्रेड-01 (10) श्री आर.के. सोनी, सहायक ग्रेड-02 से सहायक अधीक्षक/सहायक ग्रेड-01 (11) श्री सोमन गोण्डने, सहायक ग्रेड-02 से सहायक अधीक्षक/सहायक ग्रेड-01 (12) श्रीमती नसीम अख्तर खान, सहायक ग्रेड-02 से सहायक अधीक्षक/सहायक ग्रेड-01 (13) श्री जीवन लाल वर्मा, स्टेनो टायपिस्ट से स्टेनोग्राफर ग्रेड-03 ।



## विभिन्न वार्डों में नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु राज्य शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप प्राक्कलन तैयार कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था शासन के द्वारा उक्त प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए नगर पालिक निगम, भिलाई को विभिन्न वार्डों में नये 58आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु राशि 374.10 लाख (तीन करोड चैहत्तर लाख दस हजार रूपए) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निगम आयुक्त श्री चौहान ने बताया कि समय-समय पर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर मेरे द्वारा निगम क्षेत्र का निरंतर भ्रमण एवं निरीक्षण किया जाता है नये भवन निर्माण हेतु मांग रखे जाते हैं तथा कार्यालय के माध्यम से भी आवेदन प्राप्त होते है। उनके नाम इस प्रकार हैः- वार्ड 03 कोसानगर सतनामी पारा नेहरु नगर पूर्व, नेहरु नगर पूर्व रैश्ने आवास, वार्ड 04 कृष्णा नगर पीली मिट्टी चौक डा. शंकर निवास, वार्ड 05 लक्ष्मी नगर मटन मार्केट के पास, राजीव नगर, गौतम नगर, दुर्गा पारा प्रियदर्शनी स्कुल के पास, रविदास नगर, भीम नगर, वार्ड 06 इंदिरा नगर पुराना स्टेट बैंक वाले रोड में, चिंगरी पारा पुराना शौचालय के पास, शंकर पारा भगत सिंह चौक, वार्ड 07 फरीद नगर, वार्ड 08 कोहका हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 11 गांधी कालोनी स्थित सार्वजनिक शौचालय के बाजू में, शासकीय स्कुल में जर्जर भवन को तोड़कर बनाया जा सकता है, वार्ड 14 शीतला मंदिर के सामने, प्रगति स्पोर्ट क्लब के पास, हैदराबाद कालोनी सुलभ शौचालय के पीछे, बसंत नगर शौचालय के पीछे, 18 नम्बर रोड सुलभ शौचालय के पीछे, वार्ड 21 जेपी नगर महिला सुलभ के बाजू में स्थित स्थान पर, वार्ड 22 चटाई क्वाटर, वार्ड 23 साड़ी लाईन गणेश चौक के पास, महावीर भवन के पास, वार्ड 29 राजीव नगर, बापूनगर 01, 02, वार्ड 30 बालाजी नगर 01, 02, वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार, वार्ड 32 राधाकृष्ण मंदिर 01, 02,  01, 02, वार्ड35 शास्त्री चौक, सामुदायिक भवन, उत्तम टाकिज के पास प्रोजेक्ट आटो मोबाईल के बाजू, चन्दशेखर आजाद नगर-01, वार्ड 39 डाक बंगला पुरैना, प्राथमिक शाला पुरैना, पुरैना-स, वार्ड 43 स्टेशन मरोदा न्यू मार्केट, वार्ड 44 टंकी मरोदा महुवारी भाठा, वार्ड 55 सेक्टर-06 पूर्व, वार्ड 57 सेक्टर-07 पूर्व, वार्ड60 रिसाली बस्ती मील पारा, वार्ड 63 सत्यम चौक रुआंबांधा, रुआबांधा बस्ती, आजाद चौक, दुर्गा चौक रुआबांधा में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य किया जाना है।

# वार्ड 27 घासीदास नगर में उद्यान के जगह में किये गये अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त किया गया।

**भिलाईनगर/** आयुक्त के0एल0 चौहान ने लोक सुराज अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्र के वार्ड के नागरिकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मांगों से संबंधित आवेदन शिविर स्थल में प्रस्तुत किया गया था जिसमें से अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित जोन आयुक्तों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किया गया था कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण, स्थल निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया था। आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार लोक सुराज अभियान शिविर से प्राप्त आवेदन जोन 01 एवं 02 में अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर आज बेदखली कर स्थल कब्जा मुक्त कराया गया। जोन 01 नेहरु नगर के वार्ड 03 में ईंट, सीमेंट, एवं टीन शेड से किये गये अतिक्रमण को जोन 01 के तोड़फोड़ दस्ते के द्वारा उक्त अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया। इसी तरह जोन 02 वैशाली नगर के अंतर्गत वार्ड 27घासीदास नगर में उद्यान के जगह में किये गये अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त किया गया। तोड़फोड़ कार्यवाही के दौरान जोन के सहायक यंत्री बी0के0 सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी विनोद चन्द्राकर, हरिचरण सिंह अरोरा, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडू, एस.एन. कौशिक, अंजनी सिंह, एच.एन. भट्ठी, गुप्तानंद तिवारी सहित राजस्व अमला के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई